राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, सेक्टर-२०डी, चंडीगढ़

रिपोर्ट

१४/०९/२०२२

हिंदी दिवस समारोह

राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षार्थियों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए कवितापाठ प्रतियोगिता और निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ.ए.के.श्रीवास्तव द्वारा हमारे दैनिक जीवन में हिंदी भाषा के महत्व के भाषण से हुआ। महाविद्यालय की डीन डॉ.सपना नंदा ने भी छात्रों को हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने और अपने दैनिक जीवन में हिंदी भाषा का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न विषयों पर स्वनिर्मित और प्रसिद्ध कवियो द्वारा श्रृंगार, वीर, शान्त आदि रसों में रचित सुन्दर शान्त आदि रसों में रचित सुन्दर कविताओं का पाठ किया। इस कार्यक्रम में बी.एड. तीसरे सेमिस्टर की नेहा शर्मा ने प्रथम स्थान, ऋचा द्वितीय स्थान और रितिका तीसरा स्थान प्राप्त किया।

हिंदी विभाग द्वारा संस्था के सहायक कर्मचारियों में रचनात्मकता अभिव्यक्ति को बढ़ाने देने के लिए निबंधलेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार हैं- मनप्रीत कौर तथा दीपक (प्रथम स्थान), रेखा रानी (द्वितीय स्थान), अभय शर्मा (तीसरा स्थान) तथा सांत्वना पुरस्कार- मुकेश कुमार को मिला। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक सदस्य- डॉ. रवनीत चावला, डॉ.सुमन खोखर तथा डॉ.रजनी ठाकुर थे। हिंदी दिवस समारोह का समापन सकारात्मक रूप से हुआ कि हिंदी भाषा में मौखिक और अशाब्दिक अभिव्यक्ति को न केवल प्रशासनिक स्तर पर बल्कि हमारी दिनचर्या में भी महत्व दिया जाना चाहिए।

अन्त में कार्यक्रम की संचालिका डा.कुसुम ने स्वरचित कविता के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपने भाव प्रस्तुत किए, प्रतिभागियों की सुंदर और सारगर्भित पठन के लिए प्रशंसा और सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए महाविद्यालय के सभी

सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राष्ट्र की पहचान राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को सम्पादित किया गया।



कुसुम
16.9.22

संयोजिका
डॉ. कुसुम
हिंदी दिवस संयोजन

प्राचार्य
राजकीय शिक्षा महाविद्यालय,
सेक्टर-२०डी, चंडीगढ़

CC:

1. For Office Records
2. For College Website
3. NAAC (Dr. Rajni Thakur)